मध्यप्रदेश शासन
वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग
मंत्रालय, भोपाल।

:: आदेश ::

भोपाल, दिनांक 07.2013

क्रमांक एफ 16–13/2013/बी–ग्यारह, मेसर्स शिवा ग्लोबल एग्रो इण्डस्ट्रीज लि., का लगभग रू 83 करोड़ के स्थाई पूंजी निवेश से औद्योगिक क्षेत्र, बंडा जिला–सागर में रॉक फॉस्फेट बेनिफिसिएशन एवं सिंगल सुपर फास्फेट निर्माण परियोजना का प्रस्ताव के संबंध में राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया परियोजना को निम्नानुसार सुविधाए दी जावे:–

(1) परियोजनांतर्गत उत्पादन प्रारंभ होने पर तत्समय प्रचलित उद्योग संवर्धन नीति अंतर्गत सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जावे।
(2) **रियायती दरों पर भूमि आवंटनः–** उद्योग संवर्धन नीति एवं कार्ययोजना, 2010 (यथा संशोधित 2012) के अनुरूप परियोजना को 10 एकड़ भूमि निर्धारित प्रीमियम के 25 प्रतिशत दर पर एवं शेष आवश्यक भूमि निर्धारित प्रीमियम पर दी जावे।
(3) परियोजना को रॉक फास्फेट की आपूर्ति हेतु खनिज साधन विभाग द्वारा नियमानुसार शीघ्र कार्यवाही की जावे।
(4) परियोजना को विद्युत एवं जल आपूर्ति सुनिश्चित की जावे।
(5) मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नियमानुसार निर्धारित समयावधि में सम्मति प्रदान की जावे।
(6) कम्पनी की अन्य मांगों को अमान्य किया जाता है।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार,

(एम.एस. सोलंकी)
उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग

पृ. क्रमांक एफ 16–13/2013/बी–ग्यारह,
भोपाल, दिनांक 08-07.2013

प्रतिलिपि,

1. सचिव, मध्यप्रदेश शासन, मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, भोपाल।
2. अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग/वाणिज्यिक कर विभाग/ऊर्जा विभाग/राजस्व विभाग/आवास एवं पर्यावरण विभाग/खनिज साधन विभाग, जल संसाधन विभाग मंत्रालय, भोपाल।
3. उद्योग आयुक्त, मध्यप्रदेश, भोपाल।
4. प्रबंध संचालक, म.प्र. ट्रेड एण्ड इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन कॉर्पोरेशन लि./एमपी स्टेट इंडस्ट्रियल डेव्हलपमेन्ट कॉर्पोरेशन लि. भोपाल। कम्पनी को निर्धारित समयावधि में प्रस्तावित निवेश करने सम्बंधी अनुबंध म.प्र. ट्रेड एण्ड इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन कॉर्पोरेशन लि. भोपाल के साथ निष्पादित करना होगा।

5. आयुक्त, सागर संभाग, सागर
6. कलेक्टर, सागर।
7. प्रबंध संचालक, औद्योगिक केन्द्र विकास निगम (सागर) लि., सागर।
8. संयुक्त संचालक उद्योग, परिक्षेत्रीय उद्योग कार्यालय, सागर ।
9. महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, सागर।
10. आथोराइज्ड सिग्नेटरी, मेसर्स शिवा ग्लोबल एग्रो इण्डस्ट्रीज लि., शिवा हाउस, नया मोन्धा, नान्देड, 431602, महाराष्ट्र। कम्पनी को निर्धारित समयावधि में प्रस्तावित निवेश करने सम्बंधी अनुबंध म.प्र. ट्रेड एण्ड इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन कॉर्पोरेशन लि. भोपाल के साथ निष्पादित करना होगा।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उप सचिव
मध्यप्रदेश शासन
वाणिज्य, उद्योग और रोजगार विभाग